Vandey Mataram
Spiritually Empowered Women

# नारी शक्ति

महिला प्रभाग की समाचार पत्रिका

For Private Circulation Only

अंक – 64 — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — — अप्रैल 2023



**गुरुग्राम** - भारत के माननीय राष्ट्रपति जी के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आगमन पर आयोजित महिला कार्यक्रम में अखिल भारतीय अभियान (2023-24) “पारिवारिक सशक्तिकरण” का शुभारम्भ श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी, ब्र.कु. डॉ. सविता बहन – राष्ट्रीय संयोजिका, महिला प्रभाग के सिर पर कलश रख कर करते हुए । साथ में है ब्र.कु. रानी बहन – जोनल कोऑर्डिनेटर, महिला प्रभाग, दिल्ली ।




**नागपुर** – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. चक्रधारी दीदी – अध्यक्षा – महिला प्रभाग, ब्रह्माकुमारीज, ब्र.कु. डॉ. सविता दीदी – राष्ट्रीय संयोजिका – महिला प्रभाग, ब्र.कु. रजनी बहन, डॉ. ऋचा जैन – सामाजिक कार्यकर्ता, अभिनेत्री बहन इलाकृति, बहन कुंदा राऊत - उपाध्यक्ष – जिला परिषद नागपुर, बहन वृंदा ठाकरे – अध्यक्ष – ओ.बी.सी नागपुर, डॉ. दिशा चौहान एवं भ्राता अभय पनवेल – नेशनल वोर्किंग प्रेसिडेंट – अस.डी.जे.म.एस एवं अन्य ।

## आत्मबल ही नारी सशक्तिकरण का एकमात्र स्रोत

प्राचीन समय से ही अगर हम अपना इतिहास को देखें तो हम पायेगें कि हमारा इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है और नारी-प्रधान हमारी संस्कृति रही है। वन्दे मातरम् ‘यत्र नारियस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता, बहुत सुन्दर श्लोक हम उनकी गरिमा, महिमा में सुनते हैं। पहले माता का नाम आता था। बाद में पिता का नाम लिया जाता था, और विदुषी नारियाँ रही हैं। नारी त्याग, तपस्या, सहनशीलता की मूर्ति हैं। अब ये क्यों समझा जाने लगा कि नारी सशक्तिकरण की बात फिर जाग्रत की जाए। मुगलकाल में हमारी नारियाँ कुछ असुरक्षित रही और उस समय की वासना और उनकी लालसा ने नारियों को पर्दा नशीन बना दिया और उच्च शिक्षा से वंचित कर दिया। इतने लम्बे समय से गुलामी में हम जो जकड़े रहे तो हमारी सोच भी वैसी बन गयी। हमारे अन्दर कमजोरी आ गयी और हमारा वो (अदम्य) साहस, शौर्य, पराक्रम धीरे-धीरे लुप्त होता चला गया। लेकिन अब फिर से नारियाँ जागरुक हुई हैं, शिक्षित हैं, ज्ञानवान हैं। उनमें नेतृत्व करने की क्षमता है। ना केवल राजनीतिक क्षेत्र में बल्कि सामाजिक जीवन और आर्थिक विकास में भी वे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। तो सशक्तिकरण से हमारा तात्पर्य है - सर्वप्रथम तो कुछ करने के लिए उन्हें अधिकार मिलें, पावर मिले और वो कानून देता है। सरकार ने नियम बनाये है सामाजिक समस्याओं और, कुरीतियों से लड़ने के लिए जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण इत्यादि कई सामाजिक समस्याएँ हैं। परिवार में कई प्रकार की मानसिक यातनायें है। उसके लिए कानून ने हमारी सहायता की है। कुछ हमें नियम दिये, कुछ पावर दी। हमें अधिकार दिये लेकिन लगता ऐसा है जैसे कि उसका दुरुपयोग अधिक हो रहा है और अपनी लालसा, लोभ तृष्णा के कारण लोग सुसराल से अधिक धन लेने के लिए उन पर आरोप लगाते, उनको भी जेल भिजवा देते। ऐसा भी कुछ समाज में दिखाई देता है। इसमें आध्यात्मिकता की आवश्यकता है कि नारियां अपने अधिकारों का प्रयोग सही मायने में करे। अपनी मिली हुई पावर को सही रीति से प्रयोग करे नही तो वह उद्दंडता हो जाती है, समाज में उच्छृंखलता आ जाती है। दूसरी बात उनका आत्मविश्वासी होना बहुत आवश्यक है। इतने समय की परतन्त्रता गुलामी और दूसरा दर्जा मिलने के कारण उनका आत्मविश्वास कम हो गया। जब उनका आत्मविश्वास कम हो गया तो उनके मन में ये भावना घर कर गयी कि हम भाइयों से पीछे है। बाल्यकाल से ही लड़कियों को खाना बनाना है, लड़के को नहीं बनाना है। इस प्रकार दो तरह का व्यवहार होता रहा। लड़का आजाद है कुछ भी करे, चाहे कितनी लडकियों के साथ कैसा भी चलें। लेकिन लड़की को बेड़ियों में जकड़ना है। लड़की को ही अपने चरित्र को ऊँचा रखने के लिए कहा जाता है लड़की को ही समाज दोष देता है। हर महिला को अपने हिसाब से कपड़े पहनने और सब तरह की आजादी का अधिकार है परन्तु इसमें नियम, संयम और मर्यादा भी अति महत्वपूर्ण है। आत्मविश्वास नहीं होने के कारण सोचते हैं, हम कुछ नहीं कर सकते। एक बहन मेरे पास आयी। उदाहरण मैं अपना बताती हूँ। उस बहन का, जो

छोटी उम्र में विधवा हो गयी। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे थे। रोना नहीं रुक रहा था। उसको बोला गया तुम ब्रह्माकुमारीज़ में जाओ, थोडा विल पावर स्ट्रांग होगी। मेडीटेशन सीखो, मेडीटेशन तो वो नहीं सीख पाती थी लेकिन रोती रहती थी। मैंने उसे कहा तुम्हें क्या आता है? तुम्हारे अंदर क्या कला है? वह बोली मैंने सिलाई सीखी हुई है। मैं बहुत अच्छी सिलाई और कुकिंग जानती हूँ तो मैंने कहा कुकिंग क्लास शुरु कर दो और अपने मन को डाइवर्ट करो। कुकिंग क्लास में बच्चियाँ आयेंगी और तुम बिजी रहोगी तो कुछ धन भी कमाओगी और भाई पर जीवन निर्भर नहीं होगा। अगर तुम्हे ड्रेसैज बनानी आती है तो बुटिक चलाओ यह सब आर्ट है। वह बोली दीदी मेरा मन ही नही लगता इन चीजो में मैं क्या करु? वही-वही बातें दिमाग में आती हैं। इतना मन निराश हो गया इतना डिप्रैशन आ गया है तो अब क्या किया जाये, तो मैंने उसको कहा। अच्छा मेरे को एक ब्लाउज सिलकर दे दो मुझे जरुरत है। मेरा ब्लाउज तो सिल दोगी? थोडी फ्रेन्डशिप में आ गयी थी। तो उसने प्यार से कहा हाँ दीदी आपका ब्लाउज तो सिल दूँगी। उसको ब्लाउज सिलने को दिया और ये कहा कि ये मानना कि मैं बाबा के लिए सिलाई कर रही हूँ। शिवबाबा ने मुझे सेवा दी है और मैं उनके लिए कर रही हूँ। ब्लाउज सिलकर उसको इतनी खुशी मिली उसका मन लग गया। फिर उसने अपना बुटिक भी चालू कर लिया। कुकिंग के लिए मैंने उसको कहा अच्छा भोग बनाना। चलो हेल्प कर देना। बाबा को कोई नई चीज खिलाना और इससे वह बाबा की सेवा में आई और उसको शक्ति मिली, खुशी मिली और आज उसकी कुकिंग क्लास भी चल रही है। बहुत सारी बच्चियाँ उस टैलेन्ट से लाभ ले रही है। बुटिक भी चला रही हैं। यह परमात्मा की शक्ति, मेडीटेशन पावर और थोड़ा सा उसको मोटीवेट करने से उसमें आत्मविश्वास आ गया। थोड़ा उसको उंमग-उत्साह दिलाया। तो हम यह नहीं सोचें कि हम कमजोर हैं। हम खुद को खुद अहमियत दें और अपने आर्ट की, टैलेन्ट की, विवेक की, ज्ञान की, योग्यता की वैल्यु करें और परमार्थ के योग्य बनें। अगर कला है तो जरुर उसको सेवा में प्रयोग करें। जब हम गरीब बच्चियों को, कुकिंग या सिलाई आदि सिखायेगें तो यह ईश्वरीय सेवा भी है और समाज सेवा भी है। हम अपने आपको मजबूज बनायें, पावरफुल बनायें। बह्मा बाबा ने माताओं, बहनों को जिनमें कोई ऐजूकेशन नहीं, डिग्री नहीं, कुछ भी नहीं, साधारण माताओं, बहनों को इतना मोटीवेट किया जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ गया। वर्तमान मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी जी, और पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी के पास कोई हाई डिग्री नहीं होने के बावजूद भी उन्होनें आज वो स्प्रीचुअल पावर नॉलेज के आधार से ये वर्ल्ड वाईड ऑर्गनाइजेशन को बहुत सुचारु रुप से चला रही हैं और उनका मैनेजमेन्ट पुरुष भी सीखते हैं। मैं बाल्यकाल में ही संस्था में आ गई थी। जब मुझे ब्रह्मा बाबा ने कहा बच्ची स्टेज पर भाषण करो, चित्र समझाओ तो लोग कहते थे, ये छोटी बच्ची क्या सुनायेगी? हम तो इतने बड़े ज्ञानी है, पर ब्रह्मा बाबा की आज्ञा थी। छोटी है तो क्या हुआ। जब छोटी बोलेगी तब मालूम चलेगा। इनको सिखाने वाला कौन? जब ब्रह्मा बाबा की आज्ञा मानकर सुनाते थे तो लोगो को लगता था कोई परमात्म ज्ञान है जो आज ये छोटी-छोटी बच्चियाँ निर्भीक होकर इतने प्रभावशाली तरीके से बताती है। अथोरिटी के बोल शब्द की बात नहीं है भाषा की बात नहीं है लेकिन अथोरिटी की बात है। अब ये अथोरिटी हमें बिल्डअप करनी है। जहाँ गलत है वहाँ आवाज उठाओ, विरोध करो। लेकिन अगर बोलती भी है तो उन्हे शर्मिदगी महसूस होती है कि मैंने कुछ बोल दिया मुझे बोलना नहीं चाहिए था। यानि बोलने में भी उनको एक भय है, शर्मिदगी है। लेकिन बोलना चाहिए जहाँ बोलना है वहाँ बोलो और जहाँ चुप रहना है वहाँ चुप रहो। भावनाओं का कन्ट्रोल, जहाँ जताना करना है अवश्य करें। ये लड़को पर भी लागू होती है। चिल्लाकर बोलने का हक लड़को को भी नहीं है, तो लड़कियों को भी नहीं है। तीसरी बात हम अपने सुविधाओं और अधिकारों के प्रति सजग हों। बहुत सी महिलाएं अपनी सुविधाओं को भी नहीं जानती। एक रेल टिकट की बात है लेडीज कोटा अलग है, रिजर्वेशन उसमें आसानी से मिल जाता है। लेकिन मुझे मालुम ही नहीं कि लेडिज कोटा में मिल जायेगा। कई ऐसी सुविधाए हमें सरकार से मिली है। हम उन सुविधाओं के प्रति जागरुक हों और अपने अधिकारो के प्रति भी जागरुक हों। अपने अधिकारों के लिए हम आवाज उठाऐं। ये हमारे अंदर शक्ति होनी चाहिए, ज्ञान होना चाहिए । चौथी पॉइन्ट है - लाइफ का चार्ज अपने हाथ में लो। लाइफ का रिमोट कन्ट्रोल दूसरे के हाथ में नहीं जाये। अपने हाथ में लाइफ का चार्ज लेने का मतलब है अपनी छवि को उजागर करना । हम अपनी जीवन जीने के लिए स्वतन्त्र हैं। मुझे जिस मार्ग पर चलना है उस मार्ग पर दृढ़ निश्चयी बनकर चलना हैं। मार्ग सत्य है, मंजिल पर ले जाने वाला है, हमें अध्यात्म की ऊँचाई पर ले जायेगा तो हमें लोकलाज से भयभीत नहीं होना चाहिए। ये भय हमारा बहुत बड़ा शत्रु है। दूसरों के प्रति जब हम सोचते है वो क्या कहेगा, फलाना क्या बोलेगा। इस कारण हम पीछे रह जाते है। साथ-साथ अपने जीवन के उद्देश्यों के अर्थ को अवश्य पूर्ण करो। यही समझें कि मेरे जीवन का उद्देश्य छोटा नहीं है, बहुत बड़ा लक्ष्य है। और वो लक्ष्य हमें स्वयं परमपिता परमात्मा शिवबाबा ने दिया है। स्वयं को बदलो विश्व को बदलो। नारी शक्ति, शिव शक्ति। हमें यही परमात्मा ने सिखाया है। आप कुमारी नहीं हो, आप माता नहीं हो, आप गृहस्थी नहीं हो। मैं शिव शक्ति हूँ। ये स्वमान हमें बढ़ाना हैं। अगर हम शिवशक्ति का स्वमान लेते हैं तो शिव की शक्तियाँ प्राप्त करते हैं। शिव के जो गुण हैं वो शक्ति में बदल जाते है। शिवबाबा ज्ञान के सागर है ज्ञान लेते-लेते ज्ञान शक्ति बन जाता है। शिवबाबा शान्ति के सागर है शान्ति का मेडीटेशन करते-करते शान्ति आपकी शक्ति बन जाती है। शिवबाबा पवित्रता के सागर है। पवित्रता का चिन्तन करते-करते वो आपकी शक्ति बनती है। शिव परमात्मा प्यार के सागर है। तो प्यार लेते उनके वायब्रेशन लेते प्यार के चिंतन से प्यार प्रेम की शक्ति बनता है। मैं कन्या नहीं, मैं शिव की शक्ति हूँ। और शिव के गुणों की अधिकारी हूँ। तो ये आत्मा के सात गुण हैं इनकी वेल्यु को पहचानने की आवश्यकता है। तो वो आपकी पावर बन जायेगी और ये आपका ओरा बनायेगी । जो बात हम कहकर नहीं करवा सकते, वो हमारी अथोरिटी के बोल और प्रभामण्डल करवा सकता है। जब हम शिव शक्ति का मंत्र याद रखते हैं तो वास्तव में हम शिव शक्ति बन जाते है। इस विश्व विद्यालय में बहुत साधारण कन्याएँ आयी, जिनमें गाँव की, छोटे शहरों की भी थी लेकिन आज उनकी प्रतिनिधित्व की कला और मैनेजमेंट की कला अनेक लोगों का जीवन परिवर्तन करने के निमित्त बन कर हजारों लोगों का जीवन बना रही है और उनका मार्ग दर्शन कर रहीं है। क्योंकि उन्होंने व्यसन छुड़ाये,सिगरेट छुड़ायी और अक्षर ज्ञान दिया। गाँवों में जा-जाकर महिलाओं की स्थिति में सुधार किया। अभी उनमें बहुत परिवर्तन आ गया है। तो मैं रावण की शक्ति नहीं हूँ, आसुरी शक्ति नहीं हूँ शिव शक्ति हूँ। मैं आसुरी शक्ति का स्वरुप नहीं हूँ। मैं वासना, फैशन परस्ती, लोभ, ईर्ष्या, बदला लेने वाली नहीं हूँ। शिव की शक्तियों में ये मूल गुण समाहित है तो इनमें परोपकार, रहमदिल, शुभ-भावना, कल्याण की भावना, सद्भावना, सहनशीलता और सुदृढ़ता है। इन गुणों का विकास स्वत: ही होता चला जाता है तो अपने आप हम समर्थ होते जाते है। हमारे अंदर ये आध्यात्मिक शक्ति आती जाती है और माध्यम इसका यह है कि २३ घण्टे हम परिवार को देते है, लेकिन एक घण्टा हम अपनी आत्मा के सशक्तिकरण के लिए दे। एक घण्टे की ज्ञान-योग डाइट ले तो निश्चित रुप से हम असम्भव को भी सम्भव कर सकते है और जो हम चाहते है वो निश्चित रुप से प्राप्त सकते है। विजय हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और सफलता निश्चित है क्योंकि हम शिव की शक्ति हैं। बस हम कनेक्शन बनाये रखें तो सशक्तिकरण सम्भव है।

❑❑❑




**वाशी (नवी मुंबई)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में “खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार” विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करती हुई बी.के. डॉ. सविता – राष्ट्रीय संयोजिका – महिला प्रभाग । मंच पर उपस्थित हैं – ब्र.कु. संतोष दीदी – जॉइंट एडमिनिस्ट्रेटिव हेड, ब्रह्माकुमारीज़, CRPF (सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स ) की CEO बहन इंद्रानी यादव, विश्व सिंधि सेवा संघ - नवी मुंबई की महिला प्रभाग की प्रेसिडेन्ट बहन सोनिया काका, डॉ अलका चडडा ,नवी मुंबई महानगरपालिका की सचिव बहन चित्रा बाविस्कर, ब्र.कु. शीला बहन, ब्र.कु. माला एवं ब्र.कु. तारा ।



**बेंगलुरु** - कुमारा पार्क सबजोन सेंटर - महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. सरोजा बहन, ब्र.कु. भुवनेश्वरी बहन, ब्र.कु. सुरेंद्रन भाई एवं अन्य गणमानय महिलाएं ।




**पुणे (क्वार्टरगेट)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कर्वेनगर सेवाकेंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. नीरू बहन, सौ.माधुरी सहस्त्रबुद्धे - माजी नगरसेविका तथा उद्योजिका, क्वार्टरगेट सबजोन की मुख्य संचालिका ब्र.कु. पारु बहन एवं अन्य ।




**आनंद** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, आनंद में अपना वक्तव्य देते हुए ब्र.कु. गीता बहन । 2) ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्रोतागण ।



**जतनी (ओडिशा)** – सेवाकेंद्र द्वारा “मूल्यनिष्ठ समाज में महिलाओं की भूमिका” विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करती हुई ब्र.कु. डॉ. सविता –राष्ट्रीय संयोजिका – महिला प्रभाग ।



**दिल्ली (राजौरी गार्डन)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर पारिवारिक सशक्तिकरण में महिलाओं का योगदान विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देती हुई ब्र.कु. शक्ति बहन - (डायरेक्टर- राजौरी गार्डन सबजोन एवं एक्जीक्यूटिव मेंबर - महिला विंग) । मंच पर उपस्थित है ब्र.कु. भ्राता जे एल मेहता, बहन डॉ नैंसी जुनेजा (संस्थापिका - RevUp लाइफ स्किल्स), बहन डॉ मधु वेद (Educationist, Manager, Director, Principal), बहन मोनिका रॉय ( कोऑर्डिनेटर ऑफ स्कूल मैनेजिंग कमेटी) एवं बहन अन्नपूर्णा(अध्यक्षा - वुमन वेलफेयर ट्रस्ट) ।




**हैदराबाद** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय- खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर बैंक के स्टाफ के साथ चर्चा करते हुए ब्र.कु. लक्ष्मी बहन एवं ब्र.कु. शीला बहन ।



**ग्वालियर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाएं नए भारत की ध्वजवाहक थीम के अंतर्गत “घर बने मंदिर” विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए बहन इन्दु जैन (अध्यक्ष जैन मिलन महिला महानगर परिषद), बहन रेखा पटौदी (आँसू पोंछ मुस्कान प्रोजेक्ट, प्रांतीय अध्यक्ष अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद ), बहन मिट्ठू सेठी (संभागीय अध्यक्ष), बहन निर्मल जैन (फालका बाजार, क्षेत्रीय कार्यकारी सदस्य जैन मिलन), ब्र.कु. बहन भगवती जैन, ब्र.कु. आदर्श बहन ( इंचार्ज ब्रह्माकुमारीज लश्कर ग्वालियर), ब्र.कु. महिमा बहन, बहन आशा सिंह (समाज सेविका) एवं ब्र.कु. जीतू ।




**इंदौर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज्ञान शिखर ओमशांति भवन में खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्र.कु. हेमलता दीदी । मंच पर उपस्थित हैं - पूर्व महापौर डॉ उमा शशि शर्मा , केवलश्री नर्सिंग कॉलेज इंदौर की संचालिका एवं मंदसौर जिले की भाजपा उपाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, इंदौर उच्च न्यायालय की पूर्व महाधिवक्ता अर्चना खेर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ सरिता शर्मा , क्षेत्रीय पार्षद सुनीता सोनगरा ब्र.कु. अनिता बहन , ब्र.कु. उषा बहन ।



**रायपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बहन किरणमयी नायक, हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति बहन डॉ. अरूणा पल्टा, रायपुर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सविता बहन, चिकित्सक बहन डॉ. सीमा मेघानी एवं ब्र.कु. स्मृति बहन



**दिल्ली (पालम विहार)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. उर्मिल (पालम विहार सेवाकेंद्र संचालिका) एवं अन्य ।




**पठानकोट** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए एडवोकेट बहन सीमा महाजन, बहन सुभलता (सुपरवाइजर, समाज कल्याण ट्रस्ट), प्रो. नीना खुलकर, मेजर डा. वंदना (एम डी, पैथोलॉजी) मिलिट्री हॉस्पिटल पठानकोट, बहन अनीता अग्रवाल, प्रो. नीलम थापा बहन, ब्र.कु. सत्या बहन - सेवाकेंद्र प्रभारी एवं अन्य ।




**संगम भवन (आबू रोड)** – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देते हुए ब्र.कु. डॉ. सविता दीदी – राष्ट्रीय संयोजिका – महिला प्रभाग । मंच पर उपस्थित है ब्र.कु. वंदना बहन, ब्र.कु. गीता बहन, बहन शकुंतला वाजपाई, बहन कमला पंचवानी – सामाजिक कार्यकर्ता एवं ब्र.कु. देव भाई ।




**भरतपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह समापन के अंतर्गत जिला प्रशासन महिला अधिकारिता विभाग भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में यूआईटी ऑडिटोरियम भरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए भ्राता सांवरमल वर्मा - संभागीय आयुक्त, भरतपुर, ब्र.कु. कविता दीदी, बहन डॉ जिज्ञासा सहानी - मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बहन डॉ. मधु शर्मा - प्राचार्य आर. डी. गर्ल्स. कॉलेज भरतपुर, बहन अनीता - ट्रेफिक पुलिस अधिकारी - भरतपुर, डॉ.राजेश्वरी मीणा - MSJ कॉलेज भरतपुर, बहन अर्चना पिप्पल - उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी भरतपुर, बहन श्रद्धा पचौरी - महिला थाना प्रभारी, भरतपुर एवं ब्र.कु. प्रवीणा बहन ।



**कुरुक्षेत्र सेक्टर 8** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पधारे डॉ मंजुला चौधरी निदेशिका दूरस्थ शिक्षा निदेशालय एवं अन्य क्षेत्रों की बहनों को सम्मनित करने के बाद समूह चित्र में ब्र.कु. सरोज, ब्र.कु. राधा बहन एवं ब्र.कु. मधु बहन ।



**नवसारी** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देती हुई ब्र.कु. गीता बहन । मंच पर उपस्थित है भ्राता नकुल चौहान ( डायरेक्टर ओफ एक्सटेंशन एज्युकेशन न.ए.यु.) तथा अन्य अधिकारी ।



**राजकोट** - राजकोट के भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत ब्र.कु. भारती दीदी (गुजरात जोन इंचार्ज) को सुषमा स्वराज एवॉर्ड 2023 एनायत करते हुए भगिनी बीनाबेन आचार्य (प्रदेश मंत्री भाजप) एवं डो. दर्शिताबेन शाह ( 69- MLA OF GUJARAT) ।



**मांगरोल** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाएं नए भारत की ध्वजवाहक थीम के अंतर्गत "घर बने मंदिर" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े ब्र.कु. जेमीना बहन - कडोदरा सेवाकेंद्र, बहन हंसाबहन सत - केवल सम्प्रदाय, बबीता बहन - co Deep drust, शीतल बहन - डांस कोरियो ग्राफेर,चंदा बहन - इंडियन गैस एजेंसी दिस्तीबुटर, हंसा बहन - cdpo मांगरोल, ब्र.कु. शारदा बहन - मांगरोल सेवाकेंद्र एवं अन्य ।




**अलीराजपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बहन अनीता चौहान (अध्यक्ष, जिला जनपद), बहन अंजू सिसोदिया (प्रिंसिपल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय), बहन पुष्पलता शाह महिला मंडल अध्यक्ष, बहन पूर्णिमा व्यास - समाज सेविका, बहन आशा भावसार - अधीक्षक शिक्षिका छात्रावास, ब्र.कु. नारायण भाई एवं सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. माधुरी बहन ।



**जैतपुर** – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाएं नए भारत की ध्वजवाहक थीम के अंतर्गत "घर बने मंदिर" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. पूजा एवं अन्य गणमान्यजन ।



**भीनमाल** - आधी आबादी फाउंडेशन और रियल फाउंडेशन ऑफ चैरिटी सामुदायिक सेवा समिति,जयपुर के द्वारा जयपुर के क्लार्क आमेर फाइव स्टार होटल में आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. गीता बहन को अवार्ड देते हुए नवाबजादा खालिक खान ( पूर्व टोंक रियासत ) और परम वीर सिंह।



**नालागढ़** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खुश-हाल महिला, खुशहाल परिवार विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए डॉ. आशिमा जैन (डायरेक्टर लार्ड महावीरा नर्सिंग कॉलेज), राजस्व अधिकारी बहन शकुंतला पटियाल, बहन इन्दु, ब्र.कु. राधा बहन एवं ब्र.कु. रेनू बहन ।



**अम्बिकापुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विद्या बहन, बहन शिवानी जायसवाल - एस.डी. एम. उदयपुर, बहन वन्दना दत्ता - पूर्व सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षिका, बहन महालक्ष्मी - उप पुलिस अधीक्षक, के. आर. टेक्निकल कॉलेज की डायरेक्टर बहन रीनू जैन एवं अन्य ।



**भादरा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए ब्र.कु. चंद्रकांता बहन, भ्राता नरेंद्र पूनिया (पुलिस अधीक्षक, भादरा), महाराजा अग्रसेन B.Ed कॉलेज की प्रिंसिपल बहन सुमन शर्मा, पार्षद बहन स्वाति नाहटा, लॉर्ड कृष्णा स्कूल के चेयरमैन भ्राता विजय चौबे, लॉर्ड कृष्णा स्कूल की प्रिंसिपल बहन सुनीत एवं बार संघ अध्यक्ष भ्राता राजेंद्र गोयल ।




**सेंधवा(मध्यप्रदेश)** - लायंस क्लब, सेंधवा द्वारा आयोजित महिला कार्यक्रम में ब्र.कु. छाया बहन को शक्ति सम्मान 2023 देकर सम्मानित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बहन साधना सोडाणी




**सादाबाद** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देती हुई ब्र.कु. भावना बहन । मंच पर उपस्थित हैं राजस्थान ब्यावर से आयी सिविल जज बहन नीतू सिंह, जनपद प्रभारी ब्र.कु. सीता बहन, महाराजा अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल बहन मंजेशलता, समाजसेवी बहन गीता गौड़ एवं अन्य ।




**बरेली** – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी बहन नीता अहिरवार, इनरव्हील क्लब के अध्यक्षा बहन शालिनी अग्रवाल, महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर बहन नीतू महरोत्रा, बहन डॉ. रीता, ब्र.कु. पार्वती बहन, ब्र.कु. नीता बहन एवं ब्र.कु. पारुल बहन ।




**बिलासपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में नारों का उद्घोष करते हुए ब्र.कु. मंजू बहन, बिलासपुर पुलिस उप-अधीक्षक बहन मंजूलता केरकेट्टा, रेलवे क्षेत्र से बहन संगीता द्विवेदी, बहन रीना झा, पुलिस कांस्टेबल बहन शकुंतला साहू, बहन अपर्णा सरकार, एवं अन्य अतिथिगण ।



**भोपाल** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. नीता बहन, बहन निशी अग्रवाल, बहन आशा जैन (प्रदेश प्रवक्ता मप्र कांग्रेस), बहन महिमा सोनी जी (वरिष्ठ अधीक्षक राजभाषा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया), बहन सपना जैन (जनरल मैनेजर, एम पी ई बी) एवं बहन डॉ निशा श्रीवास्तव, एवं सदस्य मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ।



**चिखली (बुलढाणा)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए दुनिया की 'फर्स्ट स्नेक लेडी' बहन वनिता जगदेव बोराडे (भारत की पहली महिला साँप बचावकर्ता) 2020 में भारत के माननीय राष्ट्रपति राम नाथ जी कोविंद द्वारा स्मानित, बहन डॉ. स्मिता दलवी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), बहन योगिता पवार (सरपंच, मुंगसारी), बहन अनीता निकम (आंगनवाडी पर्यवेक्षक), बहन पुष्पा हेलगे (आंगनवाडी पर्यवक्षिका), ब्र.कु. उर्मिला बहन एवं ब्र.कु. सुरेखा बहन ।



**कटनी (म.प्र.)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ब्र.कु. भगवती बहन (कटनी – गोपाल नगर संचालिका) बहन प्रीति सूरी - नगर पालिका जनता महापौर को तिलक हार दुपट्टा और सौगात दे कर सम्मानित करते हुए ।




**गाडरवारा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए जिले की क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. कुसुम बहन, पूर्व विधायक बहन साधना, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बहन अनिता जैसवाल गाडरवारा, बहन सुनीता गुप्ता - पीजी कॉलेज प्राध्यापक, बहन किरण साहू - लायनेस क्लब एवं संजु शर्मा ।




**जबलपुर कटंगा कॉलोनी** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्‌बोधन देती हुई ब्र.कु. विमला बहन । मंच पर उपस्थित हैं बहन सुमित्रा वाल्मीकि - राज्य सभा सांसद, बहन वर्षा शुक्ल पाठक - डिप्टी डायरेक्टर (केंद्रीय संचार बियुर), बहन माला सिंह - जबलपुर सांसद की युगल एवं बहन यामिनी सिंह जबलपुर - महापौर की युगल ।



**झोझूकलां (हरियाणा)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए हरियाणा के महिला विकास निगम की चेयरमैन दंगल गर्ल चेयरमैन बबीता फोगाट, ब्र.कु. कविता बहन - चंडीगढ़, ब्र.कु. वसुधा बहन, जिला पार्षद बहन निशा रानी,पंचायत समिति सदस्य बहन कविता झोझूकलां, बहन मोनिका जावा, ग्रामीण विकास मंडल महिला प्रेरक सविता सोनी, रामलवास सरपंच संजू फोगाट एवं ब्र.कु. ज्योति बहन ।



**जोशीमठ** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल जोशीमठ में श्री विजय कुमार सेनानी प्रथम वाहिनी के मार्गदर्शन एवं श्रीमती सोनिया चीफ पैट्रन की अध्यक्षता में ठमनुष्य के जीवन में माँ की भूमिकाठके विषय आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित ब्र.कु. बहन अमनदीप कौर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए एवं अन्य ।



**दीव** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. गीता बहन भ्राता शिवम मिश्रा (डेप्युटी कलेक्टर, दीव), गायत्री बहन (सी.डी.पी.ओ.,दीव), विनय बहन शाह (प्रमुखश्री, जायंट्स ग्रुप), अनसुया बहन (प्रमुख श्री, भाजप महिला मोर्चा), दर्शना बहन (एडवोकेट), नीलम बहन फुग्रो (सामाजिक कार्यकर्त्ता), जयंती बहन फुग्रो (गायत्री परिवार), कादरभाई कुरेशी (उपप्रमुख श्री मुस्लिम समाज) एवं हिमान्शु भाई (उपप्रमुख श्री जायंट्स ग्रुप)।




**छतरपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करने के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. शैलजा बहन, गांधी आश्रम संचालिका बहन दमयंती पाणि, बाल संप्रेषण गृह अधीक्षक बहन सरोज छारी, हम फाउंडेशन प्रांतीय उपाध्यक्ष बहन कोमल टिकरिया, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष बहन रश्मि तिवारी, दर्शना वृद्ध आश्रम संचालिका बहन प्रभा विदु, गहोई समाज अध्यक्ष बहन संगीता टिकरिया, जैन समाज समर्पण महिला मिलन मंडल अध्यक्ष बहन पूजा जैन, डॉ संगीता नौगरिया एवं बहन सुनीता पथोरिया ।



**डोम्बिवली** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते ब्र.कु. शकू बहन (संचालिका - डोम्बिवली सेवाकेंद्र), बहन संध्या पाटिल (अध्यक्ष : गायत्री मंडल), बहन राधिका गुप्ते, ट्रस्टी अस्तित्व गतिमंद स्कूल, बहन जाई वैशम्पायन (दूरदर्शन सह्याद्रि न्यूज.रीडर) एवं बहन विद्या परांजपे - फाउंडर मेंबर ऑफ़ ऊर्जा फाउंडेशन ।



**झालावाड़** - ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के उपलक्ष में "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु.मीना बहन, डॉ मंजू अग्रवाल, गर्ल्स स्कूल की शिक्षिका बहन रेखा मीणा एवं मैडम बहन अनुराधा



**चरोदा (छ.ग.)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करते (दाएं से बाएं) बीके शिवानी बहन जी (ब्रह्माकुमारीज चरोदा), बहन डॉ. चन्द्रकिरण जी एमबीबीएस बेमेतरा, बहन स्नेहा गिरि (मिस इंडिया इंटरनेशनल 2022), नगर पालिका अध्यक्ष भ्राता निर्मल कोसरे जी, बहन रीतू गिरी जी (समाज सेविका), बहन अंजू राजपूत (प्रिंसिपल गंगोत्री स्कूल चरोदा), बीके किरण बहन एवं बीके रवि बहन ।



**अहमदाबाद** (जी.जी.आर.सी) - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए ब्र.कु. भावना बहन – न्यूजीलैण्ड, ब्र.कु. नेहा बहन एवं अन्य।




**खजुराहो** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए सेवा केंद्र संचालिका ब्र.कु. विद्या बहन एवं सद्भावना महिला मंडल महिलाएं ।



**रतलाम** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, नामली नगर परिषद अध्यक्ष बहन अनीता परिहार, उपाध्यक्ष बहन पूजा योगी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति एवं उज्जैन नगर विधानसभा चुनाव प्रभारी बहन अनीता कटारिया, महामंत्री महिला मोर्चा बहन अनीता पाहुजा, समाजसेवी बहन उषा भंडारी, सेवा केंद्र संचालिका ब्र.कु. सविता बहन, ब्र.कु. सावित्री बहन एवं ब्र.कु. गीता बहन ।



**करेली नरसिंहपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए भ्राता कैलाश सोनी राज्यसभा सांसद, बहन सुशीला ममार नगर पालिका अध्यक्ष करेली, बहन श्रीदेवी बनवारी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, बहन निशा सोनी जिलाध्यक्ष बीजेपी महिला मोर्चा एवं नरसिंहपुर जिला संचालिका ब्र.कु. कुसुम बहन ।



**कानपुर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. दुलारी दीदी, उत्तर प्रदेश महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री बहन प्रतिभा शुक्ला, सखी केंद्र की निदेशक बहन नीलम चतुर्वेदी, बहन पारुल होमियो मेडिसिन सेंटर की डायरेक्टर और आई. आई.ए. महिला विंग की चेयरमैन बहन ममता शुक्ला एवं डी डिजाइन की निदेशक वैशाली बियानी ।



**मंदसौर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष बहन रमा देवी गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष बहन नम्रता चावला, सकल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बहन बिंदु चंद्रे , विप्र महिला संगठन अध्यक्ष बहन अनामिका जैन एवं सुवासरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्र.कु. श्यामा बहन एवं मंदसौर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. उषा बहन एवं अन्य ।



**झाबुआ** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती हुई सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. जयंती बहन, जिलाधीश महोदय बहन रजनी सिंह एवं अन्य ।



**सिवनी** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते डॉ. आशा उपवंशी - बासेवार (उप संचालक उद्यानिकी) , बहन रुकमणी सनोडिया (भारतीय किसान मित्र महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष ), ब्र.कु. ज्योति बहन – सिवनी सेवाकेंद्र संचालिका एवं अन्य ।



**मोहाली** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्राचीन कला केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के बाद समूह चित्र में ब्रह्माकुमारी बहनें एवं अन्य ।



**श्रीनगर (गढ़वाल)** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित महिला सम्मान कार्यक्रम में श्रीनगर सेवा केंद्र की प्रभारी ब्र.कु. नीलम बहन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनिता बुढाकोटी एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना गैरोला ।



**आंवलखेड़ा आगरा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए प्रो. एसपी सिंह बघेल न्याय कानून राज्यमंत्री जी की धर्मपत्नी मधु बघेल, बहन डॉ. यशोधरा शर्मा - प्रिंसिपल मां भगवती देवी गवर्नमेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज आंवलखेडा आगरा, बहन डॉ लक्ष्मी शर्मा (डायरेक्टर श्री शिव प्रसाद गर्ल्स डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, एसएसपी पब्लिक स्कूल टूंडला), बहन दीक्षा चौहान (आगरा महानगर मंत्री महिला मोर्चा भाजपा), बहन डॉ रक्षा यादव ,डेंटल स्पेशलिस्ट चिकित्सक, ब्र.कु. विजय बहन - टूंडला उप सेवाकेंद्र संचालिका एवं बहन डॉ. अनिता - अध्यापिका पोल्टिकल साइंस - मां भगवती देवी गवर्नमेंट गर्ल्सडिग्री कॉलेज आंवलखेडा आगरा ।



**रावतसर** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बहन मंजू सिहाग (एमजी सरकारी स्कूल प्रिंसिपल), बहन सरोज देवी (प्रिंसिपल - कॉन्वेंट स्कूल), डॉ. एकता , ब्र.कु. नरेश ब्र.कु. नीलिमा बहन – रावतसर एवं ब्र.कु. अनीता बहन - टिब्बी ।




**सायन** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए ब्र.कु. संतोष दीदी – संयुक्त प्रशासिका, ब्रह्माकुमारीज, ब्र.कु. डॉ. सविता दीदी – राष्ट्रीय संयोजिका – महिला प्रभाग, अभिनेत्री बहन सौ वर्षा उसगांवकर, सुश्रुषा हॉस्पिटल की डीन बहन रेखा भातखंडे, मराठी हिंदी सीरियल अभिनेत्री बहन सौअर्चना दानी एवं ब्र.कु. माला बहन ।



**कोलकत्ता** - शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा "शक्तिः द 5 एस वुमन स्ट्रॉन्ग, सिनसेयर, स्मार्ट, सिनर्जिस्टिक एंड सस्टेनेबल (Strong,Sincere,Smart, Synergistic and Sustainable)" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्‌बोधन देते हुए ब्र.कु. कानन बहन ।




**नोएडा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. मंजू बहन, डॉ. अर्चना त्यागी एजुकेटर, इमोशनल इंटेलिजेंस कोच (PCC-ICF), बिहेवियरल ट्रेनर, WICCI नेशनल कोचिंग काउंसिल मेंबर, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा से बहन डॉ. ममता साहू कंसल्टेंट ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी एवं बहन डॉ. सपना सिन्हा एचओडी, स्त्री रोग विभाग, ईएसआईसी अस्पताल नोएडा ।



**कोटा** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान कोटा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. उर्मिला बहन - कोटा संभाग प्रभारी एवं ब्र.कु. उर्मिला बहन को मोमेंटो से सम्मानित करने के बाद समूह चित्र में संस्थान के कार्यकारी अधिकारी ।




**जयपुर - राजा पार्क** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय विद्या भवन महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. शारदा दीदी - राष्ट्रीय संयोजिका, महिला प्रभाग, ब्र.कु. पूनम दीदी - जयपुर सबजोन इंचार्ज, भ्राता रफीक खान (विधायक आदर्श नगर) ,बहन सौम्या गुर्जर (महापौर, जयपुर ग्रेटर नगर निगम), बहन संगीता बेनीवाल (अध्यक्ष राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग), बहन मंजू मीणा (उपनिदेशक दूरदर्शन केंद्र, जयपुर, राजस्थान) बहन प्रिया सिंह (राजस्थान की पहली महिला बॉडी बिल्डर), बहन राजकुमारी ( सदस्य आर.पी. एस.सी.,अजमेर एवं सोडाला सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. बहन स्नेह ।




**जोधपुर** - राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर खुशहाल बालिका -भविष्य देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. शील बहन, ब्र.कु. फूल बहन,डॉ कृति भारती, एडिशनल एस.पी. बहन प्रेम धंधे एवं सिवांची गेट विद्यालय प्रधानाध्यापक बहन रंजना चौधरी।




**जम्मू** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में " खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए बहन प्रिया सेठी (पूर्व शिक्षा मंत्री जम्मू-कश्मीर) ब्र.कु. सुदर्शन (प्रभारी, ब्रह्माकुमारीज जम्मू-कश्मीर / लद्दाख), डॉ. शशि सूदन (प्रिंसिपल/डीन जीएमसी, जम्मू), डॉ. संजोकिता (उप अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, जम्मू) एवं बहन पूर्णिमा (नगरसेवक और पूर्व उप महापौर जेएमसी, जम्मू) ।



**कुल्लू** - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "पारिवारिक सशक्तिकरण" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए पर बहन सीमा वर्मा - पुलिस ऑफिसर, बहन अम्बिका सूद, बहन वासु कौशल - फारेस्ट ऑफिसर एवं ब्र.कु.किरण बहन ।

सम्पादिका : ब्र.कु. चक्रधारी, शक्तिनगर, दिल्ली
सह-सम्पादिका : ब्र.कु.डॉ. सविता, शान्तिवन
सम्पादकीय पत्र-व्यवहार : डॉ. सविता शान्तिवन,(आबू रोड)
प्रकाशक व मुद्रक ब्र.कु. आत्मप्रकाश,
ओमशान्ति प्रिंटिंग प्रेस, शान्तिवन (आबू रोड) – 307510

राष्ट्रीय कार्यालय :19/17, शक्तिनगर, दिल्ली-110007

प्रति,